

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | सोमवार , 09 मार्च 2026 | वर्ष: 03 , अंक: 357 पृष्ठ: 08 , मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## देश माफ नहीं करेगा राष्ट्रपति का अपमानः पीएम मोदी

### राष्ट्रपति को लेकर की गई टिप्पणी देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ : पीएम

नई दिल्ली

**राष्ट्रपति मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान के साथ समझौता किया गया और यह न केवल राष्ट्रपति बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है। यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं। लेकिन इस महत्वपूर्ण और पवित्र कार्यक्रम में उन्हें उचित सम्मान देने के बजाय टीएमसी ने उसका बहिष्कार किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं और वह हमेशा आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण को लेकर चिंतित रही हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई।

**टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार**

प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य सरकार ने इस आयोजन को पूरी तरह अव्यवस्था के हवाले कर दिया। उनका कहना था कि यह घटना केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान और उसकी मूल भावना का भी अनादर है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की महान परंपरा में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक होता है।

ऐसे में किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### भ्रष्टाचार व उत्तराखंड का निर्माण का विरोध करने वाली कांग्रेस है

महिला दिवस के अवसर पर पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को लेकर की गई टिप्पणी देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश और नारी शक्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के इस अपमान को कभी माफ नहीं करेंगी।

कार्यक्रम स्थल बदलने से शुरू

#### राष्ट्रपतिद के प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन

**कार्यक्रम** स्थल को बिधाननगर से बदलने के फैसले पर भी सवाल उठाए थे। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी ध्यान दिया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्री उनकी यात्रा के दौरान उपस्थित नहीं थे। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने इस बात पर भी गौर किया है कि राज्य में राष्ट्रपति के आगमन पर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत के लिए उपस्थित न होना "ब्लू बुक" के नियमों का एक गंभीर उल्लंघन है। राष्ट्रपति के स्वागत के लिए केवल सिलीगुड़ी के महापौर का उपस्थित होना भी प्रोटोकॉल के विरुद्ध माना गया है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की व्यवस्था न होने और उनके गुजरने वाले रास्ते पर कचरा होने जैसे मामलों पर भी राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

**हुआ विवाद**

यह विवाद पश्चिम बंगाल में आयोजित 9वें इंटरनेशनल संथाली कॉन्क्लेव के कार्यक्रम स्थल को बदलने और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य मंत्रियों की गैरमौजूदगी के बाद सामने आया। इस फैसले से न केवल राष्ट्रपति बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नाराजगी जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई।

## यूजीसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने दिल्ली गए युवा विकास पार्टी के नेता गिरफ्तार



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**नई दिल्ली।** यूजीसी के विरोध प्रदर्शन करने के लिए युवा विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में युवा विकास पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिल्ली गये थे। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली से दूरभाष पर युवा विकास पार्टी के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दिलीप कुमार मिश्र भी शामिल थे। दिल्ली इकाई के हजारों कार्यकताओं ने रामलीला मैदान में जमकर नारेबाजी की। पुलिस द्वारा पहले ही हाउस अरेस्ट कर दिया गया था। इसलिए पूरा नेतृत्व विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा द्वारा किया गया जिससे परेशान होकर दिल्ली पुलिस ने युवा विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव को हजारों समर्थकों के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया और ले जाकर कई थानों में बैठा दिया गया। युवा विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव को फतेहपुर बेरी दक्षिणी दिल्ली थाने में बैठाया गया। युवा विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार के इस कदम को लोकतंत्र की हत्या बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार डर गई है वह शांतिपूर्वक किया जा रहे आंदोलन पर दमनकारी रवैया अपना कर उसे कुचलना चाहती है लेकिन अब यह मांग निरंतर बढ़ती जाएगी। पूरे देश से आए हुए सभी प्रदर्शन कारियो को युवा विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है एवं आंदोलन को लगातार मजबूत करने का आह्वान किया है। युवा विकास पार्टी लगातार इस लड़ाई को लड़ेगी इस लड़ाई का नेतृत्व करेगी।

## कानूनी सुधार और न्यायिक अनुशासन से मजबूत हुई मध्यस्थता: सीजेआई सूर्यकांत

नई दिल्ली

भारत के सीजेआई न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि पिछले एक दशक में देश में विधायी सुधार और न्यायिक अनुशासन ने मिलकर मध्यस्थता प्रणाली को मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि कानून में किए गए बदलाव और अदालतों के संतुलित रवैये से भारत में विवाद समाधान की प्रक्रिया अधिक भरोसेमंद बनी है। सीजेआई न्यायाधीश ने यह बात चंडीगढ़ में चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के उद्घाटन के दौरान कही।

पिछले दस वर्षों में क्या बदलाव हुए हैं?

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि बीते दस वर्षों में मध्यस्थता और सुलह अधिनियम में कई अहम संशोधन किए गए हैं।

इन बदलावों से समय सीमा को सख्त बनाया गया है और निष्पक्षता के मानकों को भी मजबूत किया गया है।







# डिप्टी सीएम ने जनपदवासियों एवं पार्टी कार्यकताओं के साथ खेली होली

स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज
कौशांबी। मां शीतला अतिथि ग्रह संयारा हेलीपैड मैदान में होली पर्व के मौके पर कार्यकता मिलन समारोह व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल,जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्मिलित होकर संबोधित किया।
कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्यातिथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है कि आज आप सब इस कड़कड़ाती धूप में इतनी बड़ी संख्या में आए हैंहोली भारत के सबसे उल्लासपूर्ण और सामाजिक त्योहारों में से एक है। यह केवल रंगों का त्योहार नहीं है,बल्कि यह प्रेम,भाईचारे,सौहार्द और एकता का संदेश देने वाला पर्व है। होली हमें यह सिखाती है कि जीवन में चाहे कितने भी




मतभेद क्यों न हों,हमें उन्हें भूलकर एक-दूसरे को गले लगाना चाहिए।हमारे समाज में त्योहारों का महत्व केवल उत्सव मनाने तक सीमित नहीं है। त्योहार हमें जोड़ने का काम करते हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि हम सब एक परिवार की तरह हैं। आज का यह होली मिलन समारोह भी उसी भावना को मजबूत करने का एक सुंदर अवसर है,जहां हम सब एक साथ बैठकर,मिलकर,हँसते-बोलते हुए इस पर्व की खुशियां साझा कर रहे हैं।आज इस मौके पर एक बात और कहना चाहूंगा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी,तब प्रदेश में कानून-व्यवस्था की क्या हालत थी। व्यापारियों में डर था,बेटियाँ



सुरक्षित नहीं थीं,और सरकारी योजनाओं का लाभ केवल कुछ खास लोगों तक सीमित रह जाता था।लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में उत्तर प्रदेश बदल रहा है। सड़कों का जाल बिछ रहा है,एक्सप्रेसवे बन रहे हैं,गरीबों को घर मिल रहे हैं,किसानों को सम्मान निधि मिल रही है और प्रदेश में निवेश बढ़ रहा है।समाजवादी पार्टी हमेशा परिवार की राजनीति करती रही है। उनके लिए पार्टी का मतलब कुछ ही लोगों का परिवार है। लेकिन भाजपा के लिए पार्टी का मतलब है – देश की जनता,प्रदेश का हर गरीब,हर किसान,हर नौजवान है।साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार,दिव्यागजन को ट्राई साइकिल,समूह की बहनों को ई रिक्शा व डबल इंजन की विभिन्न योजनाओं के चेक व प्रशस्ति पत्र वितरित किए। इसी क्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने रंग उमंग और सामाजिक समरसता के पावन पर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने होली की बधाई देते हुए कहा कि आज भाजपा जो कुछ भी है,उसकी जड़ में हमारे कार्यकताओं का परिश्रम,त्याग और तपस्या है।इसलिए अपने कार्यकताओं के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करना न केवल स्वाभाविक है,बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। इस मौके पर सभी जिला पदाधिकारीगण,जनप्रतिनिधिगण मण्डल अध्यक्षगण,मोर्चा जिलाध्यक्षगण,विभाग एवं प्रकोष्ठों के संयोजकगण,शक्तिकेंद्र संयोजक,त्रिदेवगण,कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## जहानाबाद पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार पुत्र अतुल कुमार उर्फ अवधेश उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम सराय धरमपुर थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः**
थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह थाना जहानाबाद. उ0नि0 रामकृपाल. का0 सतेन्द्र कुमार. का0 इन्द्रजीत गौतम।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर थाना धाता पुलिस दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



थानाध्यक्ष धाता अरविंद कुमार राय ने बताया कि क्षेत्र में वांछित आरोपियों की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गोलू कुमार पुत्र सुन्दरलाल पटेल उम्र करीब 21वर्ष नि0ग्राम बदबदापर थाना मोहब्बतपुर पैंइसा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## बाराबंकी पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एव बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बान हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के द्दष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।




## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद कौशाम्बी में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद के सभी थानों में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए । इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में तथा साइबर सुरक्षा,महिला सशक्तिकरण, नये आपराधिक कानून आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं-बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी विस्तार से दी गई।



## जनपद के थानों में चला स्वच्छता अभियान





**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** रविवार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।
अभियान के अंतर्गत पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान करते हुए थाना परिसर, कार्यालय भवन, अभिलेख कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना, हवालात एवं आवासीय परिसरों की गहन साफ-सफाई की गई। कूड़ा-करकट का समुचित निस्तारण कर परिसरों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया।
अभियान का उद्देश्य पुलिस विभाग में स्वच्छ, अनुशासित एवं सकारात्मक कार्य वातावरण स्थापित करना तथा ङ्गस्वच्छता ही सेवाङ्क के संदेश को आत्मसात करना है। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास नियमित स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया तथा आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया।
पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है, अतः सभी थाना एवं कार्यालय परिसरों को सदैव साफ-सुथरा रखा जाए। यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनके योगदान को याद करने का विशेष दिन- रागिनी

ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज
**कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम कार्यालय परिसर में रविवार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रागिनी अरुण केशरवानी द्वारा कार्यालय में कार्यरत महिलाओं को अंगवस्त्र पहनाकर व उन्हें मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया।इस दौरान नगर अध्यक्ष ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनके योगदान को याद करने का विशेष दिन है।यह दिवस समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और आदर की भावना को बढ़ावा देता है।उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं इसलिए उन्हें सशक्त, स्वावलंबी और हर परिस्थिति से संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है।इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केशरवानी सहित अन्य नगर कर्मी उपस्थित रहे।




## तीर्थ यात्रामें निकली महिलाकी अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज ।** तीर्थयात्रा के निकली एक महिला की ट्रेन में अचानक तबीयत खराब हो गयी, उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जीआरपी प्रयागराज ने शव को पीएम के लिए भेजा। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गये।
तमिलनाडु के सिंगलम मेलू साउथ निवासी ६५ वर्षीय कला पत्नी रविचन्द्र २४ फरवरी को वहीं के पचास से साठ लोगों के साथ तीर्थयात्रा में निकली थीं। वह अयोध्या से भ्रमण कर प्रयागराज आ रही थी तभी ट्रेन में उनकी अचानक तबीयत खराब हो गयी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोष्ज्ञित कर दिया। घटना की जानकारी पीएम हाउस पहुंचे मृतका के बहन के बेटे वली नामगम ने बताया कि उनकी मौसी तीर्थ यात्रा के लिए निकली थीं।

## अचेत मिले बुजुर्ग की मौत, नहीं हो सकी पहचान

प्रयागराज । कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित प्रयाग संगीत समिति के पास अचेत मिले बजुर्ग की एसआरएन अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है उसकी पहचान कराने की पुलिस कोशिश कर रही है।
साउथ मलाका चौकी प्रभारी अभय शंकर उपाध्याय ने बताया कि शनिवार को प्रयाग संगीत समिति के पास लगभग ७० वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति अचेत मिला था, उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

# सनातन संस्कृति, संस्कार के संरक्षण की जरुरत : डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी

## महामण्डलेश्वर स्वामी राजेश्वरी नंद गिरि के नेतृत्व में निकली भव्य, विशाल शोभायात्रा

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज / देवघर ।** किन्नर अखाडा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने आज कि आज सनातन धर्म सभी के निशाने पर है ऐसे में हम, आप और सभी लोग मिलकर सनातन धर्म, सनातन संस्कृति और संस्कार को सरक्षित कर समाज और विश्व कल्याण को बनाए रखे। उन्होंने कहा कि किन्नर अखाड़ा का जब से गठन हुआ है तब से सनातन धर्म को देश के सभी प्रदेशो और विदेश में प्रचार - प्रसार करते हुए बडी संख्या में लोगों को जोडा जा रहा है। यह बातें किन्नर अखाडा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने आज किन्नर अखाड़ा की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008



स्वामी माता राजेश्वरी नंद गिरि (रोज मौसी) के संयोजकत्व / नेतृत्व में निकाले गये नगर भ्रमण के दौरान कही।
श्री श्री 108 काल भैरव और बउचरा माता के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कार्यक्रम शनिवार से श्री मंगलमुखी धाम, बंधा पोखर के सामने, देवघर में शुरू हो गया है। बडी संख्या में किन्नर संत, महात्मा और शिष्य आज बंधा पोखरा बैजनाथपुर से आज नगर शोभा यात्रा में शामिल हुए।
नगर यात्रा का नेतृत्व किन्नर अखाड़ा की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी राजेश्वरी नंद गिरि (रोज मौसी) ने किया। कार्यक्रम के आयोजक श्रीमहंत अजीतनंद गिरि ने बताया कि नगर शोभा यात्रा में किन्नर अखाडा की महामण्डलेश्वर स्वामी गायत्री नंद गिरि, महामण्डलेश्वर स्वामी पवित्रानंद गिरि, महामण्डलेश्वर स्वामी इन्दूनंद गिरि,
महामण्डलेश्वर स्वामी चारूलतानंद गिरि, महामण्डलेश्वर स्वामी जगदंबानंद गिरि वैष्णवी, महंत जयंतीनंद गिरि,जूना अखाडा के स्वामी दिलीपनंद गिरि, नागा संन्यासी अजयनाथ व महावीर नाथ सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक श्रीमहंत अजीतनंद गिरि ने बताया कि नगर भ्रमण कार्यक्रम सुबह आठ बजे से शुरू हुआ। सबसे आगे रथ पर भगवान अर्द्ध नारीश्वर, किन्नर संतों की आराध्य मा बउचरा सवार थी।

## मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह



योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## किन्नर अखाड़ा ने बनाया एक महामण्डलेश्वर, दो श्रीमहंत, एक कंठी चेला

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज / देवघर।** किन्नर अखाडा का विस्तार जारी है। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) स्वामी लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज ने झारखंड के देवघर बंधा पोखर में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री 108 काल भैरव और माता बउचरा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में एक महामण्डलेश्वर, दो श्रीमहंत और एक कंठी चेला बनाया है। उन्होंने बताया कि कालिकानंद गिरि जमशेदपुर टाटा से महामण्डलेश्वर, दो श्रीमहंत कैलाशनंद गिरि और संजयनंद गिरि एवं अजीतनंद गिरि को कंठी चेला बनाया है। उन्होंने बताया कि कंठीचेला अजीतनंद गिरि को सोमवार को संत सम्मेलन में श्रीमहंत पद पर पट्टाभिषेक होगा। इस दौरान किन्नर अखाड़ा की झारखण्ड की प्रदेश अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी राजेश्वरी नंद




गिरि (रोज मौसी), महामण्डलेश्वर स्वामी गायत्री नंद गिरि, महामण्डलेश्वर स्वामी पवित्रा नंद गिरि, महामण्डलेश्वर स्वामी इन्दूनंद गिरि, महामण्डलेश्वर स्वामी जगदंबानंद गिरि, चारुलतानंद गिरि, जयंतीनंद गिरि सहित अन्य संत, महात्मा थे।

## अचेत मिले होटल कर्मी की अस्पताल में मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज ।** होली के दिन साउथ मलाका में अचेत मिले एक होटलकर्मी की एसआरएन अस्पताल में शनिवार की रात मौत हो गयी। युवक अविवाहित था।
पुलिस के मुताबिक अतरसुइया के चाचर नाला के पास रहने वाला सिकन्दर ३२ वर्ष पुत्र ज्ञानदास साउथ मलाका स्थित एक होटल में काम करता था। होली के दिन वह पटेल चौराहा के पास अचेतावस्था में मिला था। पुलिस ने उसे काल्विन अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे एसआरएन के लिए रिफर कर दिया गया था। शनिवार की रात उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## बुजुर्ग महिलासे मारपीटका आरोप

**कैंट** थाना क्षेत्र निवासी एक बुजुर्ग महिला ने अपने देवर पर नौकरों के साथ मिलकर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि उनको मकान से निकालने की कोशिश की जा रही है। वैंष्ठट पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।
वैंष्ठट स्थित थार्नहिल रोड निवासी ६५ वर्षीय किरण बाला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति गिरीश शास्त्री का आठ जनवरी २०२६ में निधन हो गया। आरोप है कि उसके बाद से उनके देवर लगातार गाली-गलौज एवं उत्पीड़न कर रहे हैं। उनको आवास से निकालने की कोशिश की जा रही है। सात मार्च को उनकी मामा की बेटी मिलने के लिए आयी थीं। आरोप है कि पीड़िता के देवर नौकरों के साथ मिलकर उनको मारा पीटा, गेट में हाथ दबा दिया जिससे वह चुटहिल हो गयीं। उन्होंने पुलिससे अपने जान की रक्षा की मांग की है। वैंष्ठट थाना प्रभारी अमर नाथ राय ने बताया कि तहरीर मिली हैं, जांच की जा रही है।

# लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों से गूंजा सांस्कृतिक केंद्र प्रेक्षागृह

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय ङ्गविरासत कला उत्सवङ्क के तीसरे दिन रविवार को लोकनृत्यों की धूम रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्वेता मिश्रा ने केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा, उपनिदेशक डॉ. मुकेश उपाध्याय, कार्यक्रम सलाहकार कल्पना सहाय तथा पद्मश्री अर्जुन सिंह ध्रुवे के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया।
विरासत कला उत्सव के अंतर्गत आयोजित होली मिलन समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी लोक एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत राजस्थान से आए अमित गुजरावत एवं दल की कालबेलिया नृत्य से हुई। उन्होंने 'कलियों कूद पड्यो मेला में सायकल पंचर कर लायो', ङ्गमोटर पड़ी-पड़ी बढ़ावे जयपुर जाबली कोई कोने' तथा 'पधारो म्हारे देश' जैसे लोकगीतों पर आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।
इसके बाद मथुरा से आए माधव आचार्य एवं दल ने 'आयो रसिया मोर बन आयो रसिया', 'बरसाने की लट्ठमार और फूलों की



होली', 'फाग खेलन बरसाने आए हैं नटवर नंदकिशोर' जैसे गीतों पर मयूर नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं ङ्गरास रचो है जमुना किनारे हरि रास रचो है' गीत पर डांडिया रास की मनमोहक प्रस्तुति दी।
हरियाणा से आए हरविंदर राणा ने 'हे जी रामचंद्र शंकर के भजन कर' तथा 'बम-बम लहरी' जैसे भजनों पर फाग नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात मध्य प्रदेश से आए पद्मश्री अर्जुन सिंह ध्रुवे ने जनजातीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए बैगा परधौनी नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

**गोरखपुर के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित**

इस अवसर पर सेवा पर्व के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले गोरखपुर के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।
स्कूल वर्ग में प्रथम वंश कुमार साहनी, द्वितीय रानी मल्ल तथा तृतीय शिव गुप्ता रहे। कॉलेज वर्ग में प्रथम अभिषेक पासवान, द्वितीय शिवम कुमार गुप्ता और तृतीय हर्ष पाठक को पुरस्कार मिला। प्रोफेशनल वर्ग में प्रथम डॉ. गौरी शंकर चौहान, द्वितीय डॉ. प्रदीप साहनी तथा तृतीय डॉ. परशुराम रहे, जबकि सांत्वना पुरस्कार अभिषेक कुमार, कृतिका गुप्ता एवं अनु गुप्ता को प्रदान किया गया।
कार्यक्रम का संचालन प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।

# नारी सशक्तिकरण सशक्त राष्ट्र के स्वावलंबन का है आधार : बीएसए

## समाज में लैंगिक भेदभाव खत्म होना चाहिए : बीईओ रामऔतार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज अनिल कुमार ने कहा कि नारी सशक्तिकरण सशक्त राष्ट्र के स्वावलंबन का आधार है। उन्होने कहा कि
नारी हमारे समाज की रीढ़ हैं घर,परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हैं। वह हम सबको जन्म देने वाली जननी है, इसलिए वह समाज में अधिकार और सम्मान की हकदार भी हैं।
यह बातें मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज अनिल कुमार ने ब्लाक संसाधन केंद्र जसरा घूरपुर प्रयागराज में





सतीश इंटरप्राइजेज व अथर्व इंटरप्राइजेज की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी व महिला सम्मान समारोह में आज कही। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं में नई चेतना और उत्साह का संचार करते हैं। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार शिव औतार ने कहा कि समाज में लैंगिक भेदभाव खत्म होना चाहिए यह जागरूक महिलाओं के द्वारा ही संभव है। खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने कहा कि बालिकाओं को अनिवार्य रूप शिक्षित और सक्षम बनाया जाना चाहिए। इससे हमारा राष्ट्र समृद्ध होगा। समाज सेवी सतीश केसरवानी ने कहा कि हमारी मातृशक्ति आज समाज के हर क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही है बस उन्हें जरूरत है आगे बढ़ाने की। रिशि गुप्ता ने कहा कि वैदिक काल से ही भारतीय समाज में नारी को करूणा, दया, क्षमा और शील की देवी के रूप में जाना जाता रहा है।

आज जरूरत है कि उन्हें समाज के हर क्षेत्र में समानता का अवसर प्रदान किया जाए। समारोह में आसपास के विद्यालयों की रसोइयां और बच्चों की 200 माता अभिभावकों को जिला बेसिक शिक्षाधिकारीक्षा ने सम्मानित किया । इस अवसर पर एआरपी श्रीनारायण मिश्र, अरविंद सैनी,पंकज साहू, महेंद्र निषाद, मयंकधर द्विवेदी, आदित्य, अभिषेक, शैलेश, लक्ष्मी शंकर आदि उपस्थित रहे। संचालन भारतेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

## मैलहन में मुकेश गुप्ता की इफ्तार पार्टी में जुटे रोजेदार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के मैलहन बाजार में अर्सा कई वर्षों से साइकिल की दुकान चलाने वाले मुकेश गुप्ता को उनके मित्रों ने नेक सलाह देते हुए हर वर्ष इफ्तार पार्टी करने का सुझाव दिया। अंततः मुकेश ने अकीदत के साथ मदरसा अनवारुल उलूम पर सैकड़ो रोजेदारों को इफ्तार पार्टी करानी शुरू की। जिससे वे खुशहाल जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। रविवार शाम को मुकेश ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ो से अधिक रोजेदारों अकीदत मंदो ने शिरकत की। जिसमें मुख्य सलाहकार मोहम्मद आरिफ व फिरोज खान की पूर्ण रूपेण भागीदारी रही। इफ्तार पार्टी में गांव के बुजुर्गों तथा युवा वर्ग की पूरी भागीदारी रही। इफ्तार पार्टी के बाद सभी को दावत पार्टी भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद आरिफ खान ने किया।



## गलती हो जाए तो प्रायश्चित जरूर करें : राधे सिया

### रामगढ़ कोठारी गांव में श्रीमद्भागवत कथा दूसरे दिन भी जारी

**चंद्रशेखर यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया के रामगढ़ कोठारी गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को कथा वाचिका परम पूज्यानीय राधे सिया जी ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है।कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दशार्ते हुए कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। कथा वाचिका राधे सिया ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति किया। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। इस अवसर पर आचार्य विमल मिश्र के आलाव मुख्य यजमान श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी स्व:मोहन मुरारी शुक्ला, अयोध्या प्रसाद शुक्ला, विपिन शुक्ला,विनय शुक्ला,रमाशंकर शुक्ला,अनिल कुमार पटेल,सूर्यकांत शुक्ला, जगदम्बा शुक्ला सहित ग्रामी वासी लोग मौजूद रहे।



## सीसीटीवी फुटेज की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग

### पीडित ने एसओ कैण्ट को सौपा प्रार्थना पत्र

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** थॉर्नहिल रोड, दयानंद मार्ग निवासी दिलीप आर शास्त्री ने एसओ कैण्ट को आज प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा और परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध रूप से परिसर की वीडियो रिकॉर्डिंग, केयरटेकर के बच्चों को डराना-धमकाना, पीछे के गेट पर ताला लगाकर अवरोध करना, नोटिस फाड़ना तथा मेरे विरुद्ध झूठा आरोप लगाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया है। दिलीप आर. शास्त्री ने अपने परिसर में लगातार हो रहे उत्पीड़न एवं अवैध गतिविधियों के संबंध में जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने बताया कि मेरी अलग रह रही भाभी एक बाहरी व्यक्ति (जो उनका रिश्तेदार बताया जा रहा है) को हमारे परिसर के पास लाया गया। उक्त व्यक्ति हमारे भवन की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहा था तथा मेरे भाई के केयरटेकर के बच्चों को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा था, जिससे परिसर में अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। किसी व्यक्ति द्वारा हमारे परिसर के पीछे वाले गेट पर अवैध रूप से ताला लगा दिया गया है, जिससे हमारे लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि मैंने केवल सुरक्षा तथा अनधिकृत प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से आगे का गेट बंद करने का प्रयास किया। उसी दौरान मेरी भाभी स्वयं गेट के पास आ गईं और गेट बंद करते समय उन्हें हल्की चोट लग गई। मेरे द्वारा किसी भी प्रकार से जानबूझकर उन्हें चोट पहुँचाने का कोई इरादा या प्रयास नहीं किया गया। इसके बावजूद मेरे विरुद्ध यह झूठा आरोप लगाया जा रहा है कि मैंने जानबूझकर उन्हें चोट पहुँचाई है, जो पूर्णतः असत्य एवं निराधार है। पूरी घटना हमारे परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड है, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। उन्होंने एसओ कैण्ट से निवेदन है कि आज प्रातः मैंने इस प्रकार की उत्पीड़नकारी गतिविधियों के संबंध में आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद भी संबंधित पक्ष के छोटे भाई ने हमारे परिसर की दीवार पर लगाए गए नोटिस को फाड़कर पुनः उत्पीड़न एवं उकसावे की कार्यवाही की है। दिलीप आर शास्त्री ने एसओ कैण्ट से निवेदन किया है कि उक्त घटना की निष्पक्ष जांच कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर और अनधिकृत रूप से वीडियो बनाने, केयरटेकर के बच्चों को डराने-धमकाने, पीछे के गेट पर अवैध रूप से ताला लगाने तथा हमारे परिसर की दीवार पर लगे नोटिस को फाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## सिकंदरा और दौलतपुर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बहरिया।** सिकंदरा स्थित श्री रामजानकी मंडपम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में रविवार को होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। आयोजन में बिरहा गायक जंगली यादव द्वारा फगुआ गीतों की सुंदर प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से राकेश पाण्डेय, वेद प्रकाश मिश्र, मनेन्द्र प्रताप सिंह, सिद्धराज मिश्रा, आशुतोष कुमार केसरवानी, कमलेश पाल, भूपेन्द्र सिंह, संजय मौर्य, सिद्ध राज मिश्रा, , राजकुमार पाण्डेय, अजय भाष्कर, नवनीत तिवारी, रामसूरत सोनी आदि लोग रहे। इसी तरह विकास खंड बहरिया के रामपुर उर्फ दौलतपुर के रामलीला बाग में रविवार को होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। इस इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर गले लगाया। कार्यक्रम में सूरज यदुवंशी तथा रुचि यादव के बीच जवाबी बिरहा का भी लोगों ने आनंद उठाया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डां रंग बहादुर यादव ने उपस्थित लोगों से कहा कि होली पर्व हम लोगों को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। आयोजक अनुज यादव उर्फ दीपू ने आए हुए लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोरांव संदीप यादव, पूर्व प्रधान बसंत लाल यादव, राम अवध यादव, भुवर लाल यादव, राम बहादुर भारतीया, सीताराम यादव, ज्ञानेंद्र, बबलू यादव, राजबहादुर यादव आदि लोग रहे।



## समाजवादी विचारों से ही सामाजिक समरसता संभव - राम आसरे विश्वकर्मा

### कीडगंज में विश्वकर्मा समाज का होली मिलन समारोह

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** समाजवादी विचारों पर चलकर ही समाज में सामाजिक समरसता कायम होना संभव है। उक्त विचार विश्वकर्मा मंदिर कीडगंज में आयोजित समाज द्वारा होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने व्यक्त किया। पूर्व मंत्री ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार अपने वादे को पूरा नहीं कर पा रही है, बल्कि सामाजिक एकता एवं भाईचारे के माहौल को बिगाड़ने के लिए भाजपा के नेता अक्सर अनर्गल बाते बोलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगार परेशान हैं।
किसानों को उनकी उपज का सही दाम नहीं मिल रहा। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, बच्चों का अपहरण दिन दहाड़े हो रहा है। लूट, हत्या की घटनाये आम हो चुकी हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री जीरो टालरेंस का दावा करते फिर रहे हैं।

पूर्व मंत्री श्री विश्वकर्मा ने दावा किया किया की आगामी 2027 में पीडीए की एकजुटता रंग लाएगी और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

समारोह की अध्यक्षता राम निरंजन विश्वकर्मा तथा संचालन रमाकांत विश्वकर्मा ने किया।
इस मौके पर कृष्णा विश्वकर्मा, पंकज मनु, आदित्य नारायण, संदीप विश्वकर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा, ईश्वरनारायण, शिव शंकर, केशव विश्वकर्मा, कृष्णा, गन्ने, डॉ वंशराज विश्वकर्मा, रामसूरत विश्वकर्मा आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग मौजूद रहे।



# राज्य स्तर पर सम्मानित की गयी संस्कृति, दी बधाई

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** बहादुरपुर के लिए आज गौरव का क्षण था। जनपद स्तर पर बहादुरपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की छात्रा संस्कृति यादव का चयन हुआ था। मंडल स्तर पर भी संस्कृति यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था, आज उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। जो बहादुरपुर क्षेत्र और विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धी के लिए मीना मंच नोडल बहादुरपुर वंदना श्रीवास्तव ह्यवन्दुह्न विशेष रूप से बहुत-बहुत बधाई की पात्र हैं। उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर प्रयासों से ही छात्रा संस्कृति यादव ने सफलता प्राप्त की है। वंदना श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी को आशा है कि संस्कृति यादव आगे भी विद्यालय, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी।संस्कृति यादव को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। मीना मंच नोडल वंदना श्रीवास्तव को भी इस प्रेरणादायक कार्य के लिए बधाई दी। बीएसए अनिल कुमार और बहादुरपुर के बीईओ राकेश कुमार यादव ने संस्कृति को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।



## गौरव ने अपने कर्म से क्षेत्र का नाम किया रोशन

### महपुरा गांव के रहने वाले गौरव ओझा ने पास की यूपीएससी की परीक्षा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बहरिया ।** कहतें हैं कि जो दूसरों के अंदर के घर में रोशनी करता है ऊपर वाले ऐसा चिराग भेज देते हैं कि वह कुल खानदान समाज और क्षेत्र का नाम रोशन कर देता है ऐसा चिराग हमारे विकास खंड बहरिया के महपुरा निवासी और पूरे क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने वाले रिटायर शिक्षक स्व; रामलखन ओझा के नाती गौरव ओझा पुत्र सुरेश चंद्र ओझा ने यूपीएससी परीक्षा में 204वीं रैंक लाकर अपने नाम के गौरव के अनुरुप क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। गौरव ओझा की प्रारंभिक शिक्षा कानपुर में हुई जहां से इंटर की परीक्षा किया उसके बाद बनारस से बीटेक कर के दिल्ली जाकर यूपीएससी की तैयारी करने लगे



और सफलता मिल गई पिता का कानपुर मे बड़ा बिजनेस हैं मां गृहणी हैं तथा ये दो भाई में छोटे हैं बड़े भाई सौरभ ओझा विदेश में रहकर नौकरी करते हैं उनकी शादी हो गई तथा गौरव अभी अविवाहित हैं।
इधर जब गांव तथा क्षेत्र वासियों को इनकी सफलता के बारे में पता चली तो हर आदमी इनके घर पर जाकर गांव में रहने वाले परिजनों को बधाई दे रहे हैं। लोगों का कहना कि अब हमारे क्षेत्र के युवाओं में भी कुछ करने का जज्बा जाग गया जिसका नतीजा है कि हर साल किसी न किसी सरकारी नौकरी मे युवा जा रहे हैं लेकिन क्षेत्र मे तीन साल के बीच में लगभग चार पांच बच्चों ने यूपीएससी परीक्षा पास कर के युवाओं के लिया प्रेरणा स्रोत बन रहा है।

## इफको फूलपुर में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** इफको फूलपुर इकाई में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह (6 मार्च से 12 मार्च 2026) के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का शुभारंभ 06 मार्च 2026 को इकाई प्रमुख द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराकर तथा कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाकर किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा के नियमों का पालन करने और सुरक्षित कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।
इसी क्रम में आज प्रातः इफको टाउनशिप घियानगर में ह्यरन फॉर सेफ्टी’ का आयोजन किया गया। इस दौड़ का उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा टाउनशिप के निवासियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा का संदेश दिया।

इसके साथ ही सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर टाउनशिप में बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय सुरक्षा एवं सुरक्षित जीवन से संबंधित था, जिसमें बच्चों ने रंगों के माध्यम से सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।
इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी में भी सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।
इफको फूलपुर में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए आगे भी विभिन्न प्रतियोगिताएं, जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि कार्यस्थल और दैनिक जीवन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।



# अधिवक्ता पुत्र शिक्षिका पति सरल स्वभाव के धनी हरि मंगल मिश्रा का निधन, शोक में डूबा क्षेत्र

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** मांडा विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बामपुर प्रथम में कार्यरत सहायक अध्यापिका वंदना मिश्रा के पति हरि मंगल मिश्रा (49) का शनिवार देर शाम लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके देहावसान का समाचार मिलते ही शिक्षकों, अधिवक्ताओं और क्षेत्रीय लोगों में गहरा दुख छा गया। रविवार को उनके पैतृक गांव पियरी उर्फ बिजलीपुर (लालगोपालगंज) में संवेदना व्यक्त करने वालों का लगातार तांता लगा रहा।अधिवक्ता भरत लाल मिश्र के चार पुत्रों में सबसे बड़े हरि मंगल मिश्रा अपने विनम्र, मृदुभाषी और सहयोगी स्वभाव के कारण समाज में विशिष्ट पहचान रखते थे। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी होने के चलते वे हर वर्ग के लोगों के बीच सम्मानित रहेजरूरतमंदों की सहायता करना और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी निभाना उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति थी। यही कारण रहा कि उनके आकस्मिक निधन से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई।बताया जाता है कि वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार शाम अचानक तबीयत अधिक बिगड़ने पर उनका निधन हो गया। परिवार के मुखिया समान भूमिका निभाने वाले हरि मंगल मिश्रा के असमय चले जाने से परिजनों पर गहरा आघात पहुंचा है।
परिवार में उनके छोटे भाई विनय मिश्रा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कार्यरत हैं। सत्येंद्र मिश्रा भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं, जबकि सबसे छोटे भाई शिवम मिश्रा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुए



हैं। अपने पीछे वे पत्नी वंदना मिश्रा, पुत्री सौम्या (15 वर्ष) तथा पुत्र ऐश्वर्य (13 वर्ष) को छोड़ गए हैं। इधर, वंदना मिश्रा का शैक्षिक जीवन भी संघर्ष और परिश्रम की मिसाल रहा है। वर्ष 2011 में उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कमला नगर बहरिया में संविदा शिक्षिका के रूप में सामाजिक विज्ञान विषय का दायित्व संभाला। वर्षों की मेहनत और लगन के बाद पति स्वर्गीय हरि मंगल मिश्रा के प्रेरणा और उनके सहयोग के चलते वर्ष 2021 में बंदना मिश्रा को बेसिक शिक्षा विभाग में जनपद बरेली के विकासखंड फरीदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय ब्राहिमपुर में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। बाद में वर्ष 2023 में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के तहत प्रयागराज के विकासखंड मांडा के प्राथमिक विद्यालय बामपुर प्रथम में सहायक अध्यापिका के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। स्व हरि मंगल मिश्रा के निधन की जानकारी मिलते ही उनके आवास पर शिक्षकों, शिक्षिकाओं अधिवक्ताओं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान आयोजित शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उनका व्यवहार अत्यंत सौम्य और सहृदय था। वे सदैव लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनते थे, इसलिए उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।शोकसभा में वार्डन प्रतिमा शुक्ला, भूपेंद्र कुशवाहा, पिंटू शुक्ला मनीषा यादव, विनीता वर्मा, सरिता मौर्या के साथ ही क्षेत्र के संभ्रांत लोगो में राजरानी द्विवेदी, कैलाश प्रकाश द्विवेदी, प्रकाश चंद्र द्विवेदी, घनश्याम द्विवेदी, विकास द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, के.के. त्रिपाठी, सतीश चंद्र मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, अरुण शुक्ला, विवेक दुबे, अरुण पांडे, पंकज पांडे, पवन कुमार पांडे, राघवेंद्र गुप्ता, देव विनायक तथा अतुल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति दें।

## संपादकीय

## शांति ही बदलती दुनिया की अनिवार्य अपेक्षा

**नई** बनती दुनिया का चेहरा जितनी तेजी से बदल रहा है, उतनी ही तेजी से वैश्विक असुरक्षा की भावना भी गहराती जा रही है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता टकराव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि वह एक ऐसे वैश्विक असंतुलन का संकेत है जिसमें शक्ति संतुलन की पुरानी व्यवस्थाएं टूट रही हैं और नई विश्व-व्यवस्था अभी स्थिर रूप नहीं ले सकी है। जब महाशक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष युद्ध में उतरती हैं, तब उसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर समूची मानवता को प्रभावित करता है। ऊर्जा बाजार, आपूर्ति श्रृंखलाएं, मुद्रा विनिमय दरें, शेयर बाजार, खाद्य सुरक्षा, शांतिपूर्ण मानव जीवन और कूटनीतिक समीकरण-सब कुछ अनिश्चितता के घेरे में आ जाता है। मध्यपूर्व में किसी भी बड़े युद्ध का पहला असर तेल आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति यदि बाधित होती है तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आती है-एक ओर आयात बिल बढ़ता है, दूसरी ओर महंगाई और राजकोषीय दबाव में वृद्धि होती है। यदि कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं तो परिवहन, उर्वरक, बिजली और विनिर्माण लागत में वृद्धि अनिवार्य है, जिसका सीधा असर आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। वैश्विक वित्तीय बाजार पहले ही अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, ऐसे में लंबा खिंचता युद्ध निवेश और विकास की गति को भी धीमा कर सकता है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल दो देशों का संघर्ष नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था की परीक्षा है। ऐसे समय में युद्ध को तेज करने के बजाय उसे रोकने की कोशिशों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। दोनों पक्षों से परिपक्वता और संयम की अपेक्षा है, विशेषकर अमेरिका से, जो स्वयं को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में देखता है और जिसे शक्ति के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी परिचय देना चाहिए। एक तेल उत्पादक देश के रूप में ईरान का अस्तित्व और स्थिरता विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है; वहां की अस्थिरता ऊर्जा बाजार से लेकर विकासशील देशों की वित्तीय संरचना तक को प्रभावित कर सकती है। हालिया हमलों में सैकड़ों लोगों के मारे जाने, हजारों के घायल होने और बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की खबरें मानवता के लिए गहरी चिंता का विषय हैं। ईरान में शीर्ष नेतृत्व पर हमलों और उसके बाद तेहरान आदि मुस्लिम देशों की तीखी प्रतिक्रियाओं ने पश्चिम एशिया के हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा; इसका प्रभाव दक्षिण एशिया की भू-राजनीति, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, वैश्विक कूटनीतिक संतुलन और विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी होगा। युद्ध आर्थिक संकट ही नहीं लाता, वह सामाजिक ताने-बाने को तोड़ता है, सांस्कृतिक संवाद को बाधित करता है और राष्ट्रों के बीच अविश्वास की दीवारें ऊंची करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि बदलती दुनिया में सह-अस्तित्व, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग की भावना को पुनर्जीवित किया जाए।

# एआई से लेकर ऊर्जा व खनिज तक, व्यापक है भारत-कनाडा अनुबंध

**डॉ. मयंक**

**भारत** और कनाडा के रिश्तों में बीते कुछ वर्षों में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की हालिया मुलाकात ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा और ऊर्जा दी है। भारत के चार दिवसीय दौरे पर आए कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ हुई वाताओं में जिस तरह से भविष्य की तकनीक, ऊर्जा सुरक्षा, सप्लाई चेन और व्यापार विस्तार पर ठोस समझौते हुए, वे 21वीं सदी की वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका को और मजबूत करने वाले कदम हैं। यह दौरा ऐसे समय हुआ है जब दुनिया तकनीकी क्रांति, ऊर्जा संक्रमण और सप्लाई चेन संकट के दौर से गुजर रही है। इसलिए भारत और कनाडा के बीच हुआ यह सहयोग दोनों देशों के लिए रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से बेहद अहम साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई यह बात कि हमारी पहली बैठक में ही दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा, परस्पर विश्वास और सकारात्मकता आई है, पिछले कुछ वर्षों में रिश्तों में आई ठंडक को पिघलाने की एक गंभीर कोशिश का रूप में साफ दिखाई देती है। कहना होगा कि भारत और कनाडा दोनों लोकतांत्रिक मूल्य, मानवाधिकार और बहुलतावादी समाज में विश्वास रखने वाले देश हैं। दोनों का साझा विजन मानवता की भलाई है। इसी साझा सोच को अब नेक्स्ट



पार्टनरशिप यानी भविष्य की रणनीतिक साझेदारी में बदलने की कोशिश की जा रही है। साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य इस दिशा में एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करता है। भारत और कनाडा के बीच हुए समझौतों का सबसे महत्वपूर्ण और दूरगामी असर डालने वाला पक्ष है, भविष्य की तकनीकों में सहयोग। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, सुपरकंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत को तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज दुनिया नई तकनीकी दौड़ में शामिल है, जहां डेटा, कंप्यूटिंग क्षमता और चिप निर्माण ही शक्ति संतुलन तय कर रहे हैं। अमेरिका-चीन टेक वॉर के बीच भारत के लिए यह अवसर है कि वह विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में उभरे। कनाडा इस क्षेत्र में शोध, नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम में मजबूत स्थिति रखता है, जबकि भारत के पास विशाल टैलेंट पूल और तेजी से बढ़ता डिजिटल बाजार है। अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स और निजी उद्योगों को जोड़ने की योजना भारत के न्यू स्पेस सेक्टर के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। इसरो की सफलताओं के बाद भारत में अंतरिक्ष स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। कनाडा के साथ साझेदारी से तकनीक, फंडिंग और वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान होगी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ ही भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बन सकता है।

ऊर्जा क्षेत्र में हुआ सहयोग भारत-कनाडा संबंधों का दूसरा बड़ा स्तंभ है। हाइड्रोकार्बन्स, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु लक्ष्यों दोनों के लिए अहम है। वस्तुतः भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उसकी ऊर्जा जरूरतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं कनाडा के पास प्राकृतिक संसाधनों और स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों का विशाल भंडार है। दोनों देशों के सहयोग से ऊर्जा आपूर्ति स्थिर होगी, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में भी ठोस प्रगति संभव होगी। भारत-कनाडा रिन्यूएबल एनर्जी और स्टोरेज समिट का आयोजन इस साझेदारी को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मंच बनेगा। इसके साथ ही कनाडा का अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस (ISA) और ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में शामिल होना, भारत की वैश्विक नेतृत्व भूमिका को और मजबूत करता है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में क्रिटिकल मिनरल्स जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकल और रेयर अर्थ एलिमेंट्स का महत्व किसी भी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति को तय करता है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरण इन्हीं पर निर्भर हैं। कनाडा इन खनिजों का बड़ा उत्पादक है, जबकि भारत इनका बड़ा उपभोक्ता बनने जा रहा है। ऐसे में क्रिटिकल मिनरल्स पर हुआ MoU भारत की सप्लाई चेन सुरक्षा के लिए बेहद अहम है। इससे चीन पर निर्भरता कम होगी और भारत को अपनी ग्रीन एनर्जी व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी योजनाओं के लिए स्थायी आपूर्ति सुनिश्चित होगी।यह अनुबंध रणनीतिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति को मजबूत करता है, क्योंकि भविष्य की लड़ाइयाँ संसाधनों और तकनीक पर आधारित होंगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताया गया कि कनाडा के पेंशन फंड्स ने भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, यह भारत की अर्थव्यवस्था पर वैश्विक विश्वास का बड़ा संकेत है। इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, फिनटेक और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में यह निवेश रोजगार सृजन और विकास की गति को तेज करेगा।

सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस और जॉइंट पल्स प्रोटीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर हुए समझौते कृषि, खाद्य सुरक्षा और व्यापार संतुलन को मजबूत करेंगे। इससे किसानों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई सेक्टर को सीधा लाभ मिलेगा। अतः इन तथ्यों के आधार पर आज यही कहना होगा कि भारत-कनाडा अनुबंध को सिर्फ द्विपक्षीय नजरिए से देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह साझेदारी वैश्विक शक्ति संतुलन में भारत की स्थिति को और मजबूत करती है। पश्चिमी देशों के साथ मजबूत संबंध भारत को एक भरोसेमंद, स्थिर और लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में स्थापित करते हैं। इसके साथ ही यह सहयोग भारत की बहुपक्षीय कूटनीति को भी मजबूती देता है, जहां वह अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अब कनाडा के साथ मिलकर एक संतुलित वैश्विक ढांचा तैयार कर रहा है।

> इन तथ्यों के आधार पर आज यही कहना होगा कि भारत-कनाडा अनुबंध को सिर्फ द्विपक्षीय नजरिए से देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह साझेदारी वैश्विक शक्ति संतुलन में भारत की स्थिति को और मजबूत करती है

## सैन्य तनाव का असर खाड़ी देशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों पर भी देखने को मिल रहा

**गोपेन्द्र नाथ भट्ट**

मध्य पूर्व में अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच लगातार बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब खाड़ी देशों में रह रहे लाखों प्रवासी भारतीयों पर भी दिखाई देने लगा है। युद्ध जैसे हालात की आशंका ने विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र में काम करने वाले भारतीयों के मन में चिंता और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। मध्य पूर्व के कई हिस्सों में हाल के दिनों में सैन्य गतिविधियां तेज हुई हैं। अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान समर्थित ठिकानों पर कार्रवाई तथा ईरान की जवाबी चेतावनियों ने पूरे क्षेत्र में तनाव का वातावरण बना दिया है। इस स्थिति का सीधा प्रभाव खाड़ी देशों जैसे संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, कतर और ओमान में रह रहे प्रवासी समुदाय पर पड़ रहा है, जहां बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं। आंकड़ों के अनुसार खाड़ी देशों में लगभग 80 से 90 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं, जिनमें बड़ी संख्या राजस्थान, केरल, उत्तर प्रदेश, बिहार और तेलंगाना के श्रमिकों तथा पेशेवरों की है। राजस्थान के दक्षिणी क्षेत्रों उदयपुर डूंगरपुर बांसवाड़ा प्रतापगढ़ चित्तौड़गढ़ सलूंबर आदि से बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए इन देशों के काम कर रहे है। इन लोगों की आजीविका पूरी तरह से वहां की अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। जैसे-जैसे युद्ध की आशंका बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोजगार, सुरक्षा और आवागमन को लेकर चिंताएं भी बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह तनाव व्यापक युद्ध में बदलता है तो सबसे पहले इसका असर तेल उत्पादन और व्यापार पर पड़ेगा। खाड़ी क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादक क्षेत्रों में से एक है। यदि यहां सैन्य संघर्ष बढ़ता है तो तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ेगा। ऐसी स्थिति में निर्माण, सेवा और परिवहन जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों की नौकरियां भी प्रभावित हो सकती हैं। युद्ध की आशंका से हवाई यातायात पर भी असर पड़ने लगा है। कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग बदलने या रद्द होने की खबरें सामने आ रही हैं। यदि हालात और बिगड़ते हैं तो भारत लौटने की योजना बना रहे प्रवासी भारतीयों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। संकट की स्थिति में बड़े पैमाने पर निकासी अभियान चलाने की आवश्यकता भी पड़ सकती है, जैसा कि पहले कई संघर्षों के दौरान देखा गया है।भारत सरकार भी हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों को सतर्क रहने और प्रवासी भारतीयों से लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन के निदेशों का पालन करने और अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

## मध्य प्रदेश में ग्राम सभाओं से सशक्त होंगी महिलाएं



**प्रद्युम्न शर्मा**



हर वर्ष आठ मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, समानता और सम्मान के संघर्ष का प्रतीक है। यह दिन समाज को यह याद दिलाने का अवसर भी है कि महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। इसी सोच को व्यवहार में उतारने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार ने इस विशेष प्रसंग के अवसर पर प्रतिवर्ष प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया है। इन ग्राम सभाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा करना और स्थानीय स्तर पर ठोस निर्णय लेना है।मध्यप्रदेश में पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। ग्रामीण स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए न्यूनतम पचास प्रतिशत पदों के आरक्षण की व्यवस्था की गई है। वर्तमान त्रिस्तरीय पंचायतों के पंचवर्षीय कार्यकाल में निर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधियों का प्रतिशत पचास से भी अधिक, लगभग बावन प्रतिशत है। यह स्थिति दशार्ती है कि पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और वे अब केवल औपचारिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं को सार्थक और प्रभावी बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी इन्हीं महिला पंचायत प्रतिनिधियों के कंधों पर है। यदि वे सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाती हैं, तो ग्राम स्तर पर महिलाओं से जुड़े मुद्दों के समाधान की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति संभव है।

यदि हम एक नजर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डालें तो इसका इतिहास महिलाओं के अधिकारों के संघर्ष से जुड़ा हुआ है। बीसवीं सदी के प्रारंभ में यूरोप और उत्तरी अमेरिका में महिला श्रमिकों ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किए थे। इन आंदोलनों का मुख्य उद्देश्य कार्य के बेहतर घंटे, उचित पारिश्रमिक और समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता को समाप्त करना था। धीरे-धीरे यह आंदोलन वैश्विक स्तर पर फैल गया और महिलाओं के अधिकारों की आवाज मजबूत होती गई। वर्ष 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया और उसी वर्ष आठ मार्च को आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की। तब से यह दिन दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।

पंचायतों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के बावजूद एक महत्वपूर्ण प्रश्न अक्सर सामने आता है कि क्या महिला पंचायत प्रतिनिधि वास्तव में स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों और कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। कई स्थानों पर महिलाएं सक्रिय रूप से पंचायत के कार्यों में भाग ले रही हैं और विकास योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, किंतु कुछ जगहों पर अभी भी ऐसी स्थिति देखने को मिलती है जहां महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके परिवार के पुरुष सदस्य पंचायत के निर्णय लेते हैं और कार्यों का संचालन करते हैं। इसे प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व कहा जाता है। यह स्थिति महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण में बाधा उत्पन्न करती है। इसलिए महिला पंचायत प्रतिनिधियों का क्षमता संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। उन्हें योजनाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं और कानूनों की जानकारी देकर आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना जरूरी है। महिला सशक्तिकरण के लिए समाज की सक्रिय भूमिका भी आवश्यक है। महिलाओं की शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना समय की मांग है। आज महिला साक्षरता पहले की तुलना में काफी आगे बढ़ी है, किंतु सिर्फ साक्षरता ही पर्याप्त नहीं। महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर और सामाजिक सम्मान मिलना भी जरूरी है। साथ ही पारंपरिक सामाजिक सोच और पुरुषों के अनावश्यक हस्तक्षेप को भी कम करना होगा, ताकि महिलाएं स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम बन सकें। ग्राम सभाएं ग्रामीण लोकतंत्र की आधारशिला मानी जाती हैं।

## ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का समावेशी मॉडल

**प्रेम प्रकाश**

नए वित्तीय वर्ष के साथ एक दिलचस्प बात यह है कि यह मौजूदा सदी के एक चौथाई समय के अनुभव के बाद की स्थिति को जाहिर करता है। दरअसल, इसके साथ हम एक नए देशकाल में प्रवेश कर रहे हैं। इस लिहाज से देखें तो एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए वित्तीय वर्ष में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्र के साथ जिस तरह राज्य सरकारों का नजरिया योजनागत प्रतिबद्धता के साथ जाहिर हुआ है, वह देश के मजबूत संघीय चरित्र की कहानी बयां करता है। यही कारण है कि हाल में दिल्ली में संपन्न ग्लोबल एआई समिट में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को मानव-केंद्रित दिशा देने पर जोर दिया तो भारत की दूरदर्शिता की सबने प्रशंसा की। यही नहीं, इस अवसर पर जिस तरह देश के तमाम राज्यों और सरकारी-गैरसरकारी प्रतिष्ठानों की उत्साही शिरकत रही, वह विश्व के लिए आत्मविश्वास से भरे नए भारत से परिचय था।स्टैनफोर्ड ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट 2025 में एआई प्रतिस्पर्धात्मकता एवं बेहतर इकोसिस्टम के लिहाज से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। इसी तरह गिटहब पर एआई परियोजनाओं के मामले में हम दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं। इसके आगे के सफर के लिए भी देश पूरी तरह मुस्तैदी है। केंद्र सरकार ने इस वर्ष के बजट में इंडिया एआई मिशन के लिए 10,372 करोड़ रुपए के विशाल परिव्यय की घोषणा करके साफ कर दिया है कि वह केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निमार्ता बनना चाहता है। भारत सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश के भीतर दस हजार से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) की कंप्यूटिंग क्षमता विकसित करना है, जो एआई मॉडल के प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य है। इसके साथ ही एआई फॉर ऑल के विजन के तहत कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए विशेष एआई केंद्र स्थापित करने की भी योजना है। निश्चित तौर पर केंद्र के इस बड़े विजन को धरातल पर उतारने में राज्यों की भी मदद की दरकार होगी। अच्छी बात यह है कि तमाम राज्य सरकारों ने खासतौर पर नए वित्तीय वर्ष के लिए अपने बजट प्रावधानों में केंद्र के इस विजन को स्थान दिया है।

जिस राज्य ने खासतौर पर अपने बजटीय प्रावधानों से चौंकाने का क्रम जारी रखा है, वह है गुजरात। प्रदेश की भूपेंद्र पटेल सरकार ने इस बार के बजट में गिफ्ट सिटी के विस्तार के माध्यम से एआई के क्षेत्र में वैश्विक निवेश आकर्षित करने पर जिस तरह जोर दिया है, वह दिखाता है कि गुजरात का विकास मॉडल भविष्य में सशक्त होने के साथ स्मार्ट भी होगा।

## पश्चिम एशिया के युद्ध हालातों के बीच भारत की आर्थिक तैयारी

**डॉ. मयंक**

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को अनिश्चितता के दौर में ला खड़ा किया है। समुद्री व्यापार मार्गों पर खतरा बढ़ रहा है, बीमा लागत में उछाल आया है और कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता ने वैश्विक बाजार को बेचैन कर दिया है। भारत जो ऊर्जा आयात और निर्यात दोनों के लिहाज से इस क्षेत्र पर काफी निर्भर है, ने हालात की गंभीरता को समझते हुए त्वरित और समन्वित कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि अंतरराष्ट्रीय संकट चाहे जितना भी गहरा क्यों न हो भारत का व्यापारिक पहिया रुकने नहीं दिया जाएगा। पश्चिम एशिया भारत के लिए आर्थिक जीवनरेखा है। भारत अपने कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आयात करता है।



हॉर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर जैसे समुद्री मार्ग यदि असुरक्षित होते हैं, तब इसका सीधा प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा और निर्यात-आयात गतिविधियों पर पड़ता स्वभाविक है। हाल के घटनाक्रमों में जहाजों पर हमलों और सैन्य गतिविधियों में तेजी ने बीमा कंपनियों को युद्ध जोखिम प्रीमियम बढ़ाने के लिए मजबूर किया है। इन हालातों के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सभी संबंधित मंत्रालयों, प्रमुख लॉजिस्टिक्स कंपनियों और व्यापार सुविधा भागीदारों के साथ एक उच्चस्तरीय परामर्श बैठक आयोजित की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और किसी भी संभावित व्यवधान से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। बैठक में समुद्री मार्गों की सुरक्षा, बीमा लागत में उछाल, वैकल्पिक शिपिंग मार्गों और निर्यात-आयात प्रक्रियाओं में संभावित बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**प्रक्रियात्मक लचीलापन से निर्यातकों को राहत**

सरकार ने संकेत दिया है कि निर्यात से जुड़े प्राधिकरणों में प्रक्रियात्मक लचीलापन दिया जाएगा ताकि किसी भी तरह की कागजी देरी व्यापार को प्रभावित न करे। सीमा शुल्क और बंदरगाह प्राधिकरणों के साथ समन्वय बढ़ाया जाएगा, जिससे माल की निकासी और क्लीयरेंस प्रक्रिया में बाधा न आए। यदि किसी समुद्री मार्ग पर खतरा बढ़ता है तो वैकल्पिक मार्गों का उपयोग तेजी से किया जा सके, इसके लिए भी तैयारी की जा रही है। अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन सेआपूर्ति श्रृंखला को मजबूती स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ता के लिए अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है। इस समूह में वित्तीय सेवा विभाग, विदेश मंत्रालय, पोत परिवहन मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और उील्ल३१' इङ्क१ि ङ्का क्ल्लि१िू३ ळ७ी२ ल्ल उ४२३ङ्क२ यानी केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह समूह विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेगा और आपात स्थिति में त्वरित निर्णय सुनिश्चित करेगा, ताकि निर्यात और आयात गतिविधियां बाधित न हों।

**बैंक और बीमा कंपनियों से संवाद और वित्तीय सुरक्षा कवच**

बीमा लागत में वृद्धि और भुगतान जोखिम को देखते हुए सरकार ने बैंकों और बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय संवाद शुरू किया है। निर्यातकों को आश्वस्त किया गया है कि व्यापारिक ऋण सुविधाओं में लचीलापन बरता जाएगा।

## आबकारी नीति मामले में आप नेताओं का बरी होना प्राणवायु के समान

**ललित गर्ग**

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अर्थात सीबीआई द्वारा पंजीकृत किया गया था और लंबे समय से सार्वजनिक बहस के केंद्र में था। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत आरोप ठोस साक्ष्यों और विश्वसनीय गवाहियों पर आधारित नहीं हैं तथा आरोपपत्र में वर्णित दावे न्यायिक परीक्षण की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। न्यायालय की



यह टिप्पणी कि अनुमानों और अटकलों को विधिसम्मत प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, न केवल इस विशेष प्रकरण बल्कि समग्र अन्वेषण प्रक्रिया के लिए भी गंभीर संकेत देती है। आबकारी नीति मामले यह फैसला आप के लिए एक बड़ी संजीवनी या प्राणवायुके समान है। यह फैसला आप को कट्टर ईमानदार की छवि वापस पाने और आगामी चुनावों के लिए एक आक्रामक रुख अपनाने में मदद करेगा, जिससे विपक्षी दलों का मनोबल भी बढ़ा है। कोर्ट से मिली क्लीन चिट ने आप नेताओं की साख बहाल की है जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह निर्णय राजनीतिक प्रतिशोध के नैरेटिव को बल देता है जिससे आप अपनी छवि को बेदाग साबित कर पा रही है। विपक्षी दल इस घटना को केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई एवं ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ एक जीत के रूप में देख रहे हैं जिससे उन्हें केंद्र के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस फैसले से दिल्ली और पंजाब में आप को मजबूती मिलेगी और वह आगामी चुनावों के लिए आक्रामक प्रचार कर सकती है। विवाद का मूल वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति से जुड़ा था। उस समय दिल्ली सरकार ने तर्क दिया था कि शराब व्यापार में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होगी, भ्रष्टाचार कम होगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : 37 प्रतिभाओं को 'सक्षम भारत अवार्ड' से किया गया सम्मानित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लेट्स गिव होप फाउंडेशन द्वारा नेतृत्व झ महिला कौशल विकास कार्यक्रम 2026 का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यशाला महिलाओं के आजीविका विकास, कौशल संवर्धन और उद्यमिता के अवसरों को समर्पित थी। कार्यक्रम का आयोजन राय उमा नाथ बली ऑडिटोरियम, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, कैसरबाग में किया गया। विभिन्न क्षेत्रों के प्रेरणादायक विशेषज्ञों ने महिलाओं से संवाद कर उन्हें आत्मनिर्भरता एवं सतत आय के अवसरों की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में लखनऊ के 28 महिलाओं और 9 पुरुषों को उनके-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए सक्षम भारत अवार्ड झ 2026 से सम्मानित किया गया। इन सभी प्रतिभाओं ने पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने पेशेवर जीवन में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। मुख्य अतिथि प्रकाश डी., आईपीएस, महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि अर्चना येमेश्वरी, सीएचआरओ झ एचपीसीएल एवं मास्टर सर्टिफाइड कोच (ICF), डॉ. अमित कुमार राय, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विशेष अतिथि लोकगायिका संजोली पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरूआत सृष्टि सिंह द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना नृत्य से हुई। संजोली पांडेय ने लोकगीत प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यशाला विशेषज्ञों ने कौशल आधारित आजीविका और उद्यमिता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रसिद्ध पेशेवरों में पेस्ट्री शेफ शिल्पी सक्सेना, मेकअप आर्टिस्ट लक्ष्मी राजपूत और फैशन डिजाइनर मौसमी ने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए बताया कि किस प्रकार अपनी प्रतिभा और कौशल को एक सफल करियर या घर से संचालित व्यवसाय में बदला जा सकता है। सक्षम भारत अवार्ड से सम्मानित प्रमुख महिलाओं में शिक्षाविद् डॉ. शमा महमूद, डॉ. मल्लिका सक्सेना, डॉ. शीतल वर्मा, सोनिया



चौधरी, एसआई आरती वर्मा, डॉ. मिताली निगम, गिरिजा सिंह, शन्नो राय, अर्चना मिश्रा, शेफ ऋतु जायसवाल, अमृता सक्सेना, विजैता श्रीवास्तव, मल्लिका श्रीवास्तव, विभा जायसवाल, मोनिशा मित्रा, तंद्रा मित्रा, कथक प्रो. रजनी वर्मा तथा सुधा बाजपेयी शामिल रहीं।

इसके अतिरिक्त संध्या गुप्ता, ममता विश्वकर्मा, नेहा पांडेय, आकांक्षा तिवारी और कोमल रावत को भी सम्मानित किया गया। वहीं, अभिषेक गौतम, अशोक कुमार, हिमांशु चतुर्वेदी, रमेश चंद्र सिंह, संजय गौतम, प्रदीप यादव, अभिषेक नीर, नितेश केशरवानी और अधिवक्ता विशाल कश्यप को भी उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रकाश डी. ने कहा कि महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अपने जीवन को सशक्त एवं स्थिर बनाने के लिए निरंतर प्रेरित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ठएळफ्क्ळश्अ जैसे कार्यक्रम महिलाओं को नई कौशल सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, इसलिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते रहने चाहिए ताकि अधिक से अधिक महिलाएँ लाभान्वित हो सकें।अर्चना येमेश्वरी मुंबई से ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़ीं और महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने व्यक्तिगत विकास, आत्मविश्वास और जीवनशैली को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए ताकि वे अपने पेशेवर लक्ष्यों को भी सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकें। इसके बाद डॉ. अमित कुमार राय ने भी विचार व्यक्त किए और लेट्स गिव होप फाउंडेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सार्थक कार्यक्रमों का हिस्सा बनकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई और भविष्य में भी संस्था को इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान लेट्स गिव होप फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष आशीष मौर्य ने संस्था की उस परिकल्पना के बारे में बताया जिसके तहत पूरे प्रदेश में सक्षम स्किल सेंटर स्थापित किए जाने की योजना है, जहाँ मध्यम एवं निम्न आय वर्ग की महिलाओं और युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण और शिक्षा प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम की थीम महिलाओं के आजीविका विकास के अवसर झ कौशल, आत्मविश्वास और सतत आय के लिए प्रेरणा रही। इस कार्यशाला का उद्देश्य विशेष रूप से मध्यम वर्ग और ग्रामीण पृष्ठभूमि की महिलाओं को प्रेरित करना था ताकि वे अपनी प्रतिभा को पहचान कर उसे आय के साधन में परिवर्तित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महिलाओं को व्यावहारिक व्यवसायिक सुझाव और आत्मनिर्भर बनने के तरीके भी बताए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, अपने अनुभव साझा किए और इस प्रेरणादायक सत्र से महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। ठएळफ्क्ळश्अ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लेट्स गिव होप फाउंडेशन समाज में महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और सतत आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## तीर्थ यात्रामें निकली महिलाकी अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** तीर्थयात्रा के निकली एक महिला की ट्रेन में अचानक तबीयत खराब हो गयी, उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जीआरपी प्रयागराज ने शव को पीएम के लिए भेजा। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गये।

तमिलनाडु के सिंगलम मेलू साउथ निवासी ६५ वर्षीय कला पत्नी रविचन्द्र २४ फरवरी को वहीं के पचास से साठ लोगों के साथ तीर्थयात्रा में निकली थीं। वह अयोध्या से भ्रमण कर प्रयागराज आ रही थी तभी ट्रेन में उनकी अचानक तबीयत खराब हो गयी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोष्ज्ञित कर दिया। घटना की जानकारी पीएम हाउस पहुंचे मृतका के बहन के बेटे वली नामगम ने बताया कि उनकी मौसी तीर्थ यात्रा के लिए निकली थीं।

### अचेत मिले बुजुर्ग की मौत, नहीं हो सकी पहचान

**प्रयागराज ।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित प्रयाग संगीत समिति के पास अचेत मिले बजुर्ग की एसआरएन अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है उसकी पहचान कराने की पुलिस कोशिश कर रही है। साउथ मलाका चौकी प्रभारी अभय

## अचेत मिले होटल कर्मी की अस्पताल में मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** होली के दिन साउथ मलाका में अचेत मिले एक होटलकर्मी की एसआरएन अस्पताल में शनिवार की रात मौत हो गयी। युवक अविवाहित था।

पुलिस के मुताबिक अतरसुइया के चाचर नाला के पास रहने वाला सिकन्दर ३२ वर्ष पुत्र ज्ञानदास साउथ मलाका स्थित एक होटल में काम करता था। होली के दिन वह पटेल चौराहा के पास अचेतावस्था में मिला था। पुलिस ने उसे काल्विन अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे एसआरएन के लिए रिफर कर दिया गया था। शनिवार की रात उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### बुजुर्ग महिलासे मारपीटका आरोप

कैंट थाना क्षेत्र निवासी एक बुजुर्ग महिला ने अपने देवर पर नौकरों के साथ मिलकर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि उनको मकान से निकालने की कोशिश की जा रही है। वैंष्टट पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

वैंष्टट स्थित थार्नहिल रोड निवासी ६५ वर्षीय किरण बाला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति गिरीश शास्त्री का आठ जनवरी २०२६ में निधन हो गया। आरोप है कि उसके बाद से उनके देवर लगातार गाली-गलौज एवं उत्पीड़न कर रहे हैं। उनको आवास से निकालने की कोशिश की जा रही है। सात मार्च को उनकी मामा की बेटी मिलने के लिए आयी थीं।

## फरार आदिल वसी के घर पर हुई कुर्की की कार्रवाई

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** लोगों को रकम दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये ठगी करने के चर्चित मामले में फरार नामजद आरोपी आदिल वसी के घर शाहगंज पुलिस ने रविवार को कुर्की की कार्रवाई की। पुलिस ने घरेलू सामानों को जब्त कर मकान को सील कर दिया। आदिल करीब डेढ़ साल से फरार है। कोर्ट के आदेश के चार महीने में सरेंडर का अल्टीमेटम समाप्त होने पर 17 फरवरी को अवमानना का मुकदमा दर्ज किया गया था। ठगी के मामले में तीन आरोपी चर्चित कारोबारी कादिर और उसके दोनों भतीजे काशिफ व आसिफ जेल जा चुके हैं।

करेली निवासी अब्दुल शाहिद ने अक्तूबर 2024 में शाहगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि शाहगंज निवासी दो सगे भाई मोहम्मद काशिफ व मोहम्मद आसिफ ने अपने चाचा पटाखा कारोबारी कादिर और सहयोगी आदिल वसी के साथ मिलकर तथाकथित चिट फंड कंपनी बनाकर लोगों को रकम दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये जमा कराए।

## पुलिस आयुक्त ने किया ब्रीफिंग

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज आगमन के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेंद्र कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित त्रिवेणी सभागार में सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में पुलिस ब्रीफिंग की गयी। ब्रीफिंग में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय, पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह



गुनावत, पुलिस उपायुक्त नगर मनीष शांडिल्य, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज पांडेय, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण

## फर्जी सर्टिफिकेट बैंक पत्र बनाने वाला ठग गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के नाम से अवैध संस्था का संचालन करने व वेबसाइट के माध्यम से अंकपत्र वितरित करने, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के फर्जी व अवैध प्रमाण पत्र बनाकर निर्गत करने वाला मुख्य संचालक वांछित अभियुक्त थाना साइबर क्राइम थाना प्रयागराज पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के नाम से अवैध संस्था का संचालन करने व वेबसाइट के माध्यम से अंकपत्र वितरित करने व वेबसाइट पर अवैध रूप से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश की फोटो लगाने व हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के फर्जी व अवैध प्रमाण पत्र बनाकर निर्गत करने वाला मुख्य संचालक वांछित अभियुक्त राजमन गोंड को गिरफ्तार किया गया है। राजमन ग्राम रवनिया थाना बरदह जनपद आजमगढ़ व हाल पता- क्रिस्टल अपार्टमेंट अ विंग फ्लैट नं-104 थाना चिनहट लखनऊ है। इसके पास से एप्पल आई फोन एवं एन्ड्रायड मोबाइल



फोन, 3 सिम कार्ड व 1500 रूपए नगद बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अन्य लोगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद् के नाम से अवैध संस्था संचालित की जा रही थी तथा अवैध रूप www.upsosb.ac.in, www.upsosb.org.in एवं अन्य वेबसाइट के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद् के नाम से अंकपत्र भी वितरित किया जाता था।हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट के भी प्रमाण पत्र निर्गत किये जा रहे थे, जो पूर्णरूप से फर्जी व अवैध थे। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किये गये अभियुक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि अपने व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के नाम से अवैध संस्था का संचालन कर उसकी फर्जी वेबसाइट के माध्यम से अंकपत्र व हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के फर्जी व अवैध प्रमाण पत्र निर्गत कर अनेक व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी कर धन उगाही की जाती थी।

पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद अभियुक्त को जेलभेज दिया।

## महिला दिवस पर विशिष्ट महिलाओं को मंच पर सम्मान से नवाजा गया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकास भवन परिसर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला अधिकारियों एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेधावी बालिकाओं को भी पुरस्कृत किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खंडों से शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र प्रतिभा सिंह, प्रधानाध्यापिका डॉ. हेमलता गुप्ता (प्रा.वि. बरौली कुर्मियान कौंधियारा), सहायक अध्यापिका डॉ. संगीता श्रीवास्तव (प्रा.वि. गुलहरिया, फूलपुर) तथा सहायक अध्यापिका रीता शर्मा (प्रा.वि. बिगहियां, सोरांव) प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर अंकिता पांडे चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा, डॉक्टर



श्रेया पांडे चिकित्सा अधिकारी अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कीडगंज ,डॉक्टर वंदना पांडे चिकित्सा अधिकारी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दारागंज, श्वेता तिवारी ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना, शैल राय एएनएम अर्बन पीएचसी सिविल लाइन को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता से समाज को नई दिशा दे रही हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत इन महिलाओं का समर्पण और नवाचार निश्चित रूप से नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करेगा।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा आयोजित किया गया होली मिलन समारोह

**सबसे तेज प्रयागराज**

**सोरांव।** रविवार को कमलेश पटेल युवा तहसील अध्यक्ष फूलपुर एवं सुधीर पटेल युवा ब्लाक अध्यक्ष द्वारा ग्राम सभा बलकरनपुर ठगहा कलंदरपुर में भव्य होली मिलन समारोह किया गया एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी जताई गई होली की बधाई दी गई एवं एक जुट होकर किसान हित में हर कदम उठाने का निर्णय लिया गया भूमि अधिग्रहण चकबंदी



विभाग में हों रहे भ्रष्टाचार पर आंदोलन करने की भी बात की गई मुख्य अतिथि बबलू दूबे मंडल अध्यक्ष भा कि यू अराजनैतिक मंडल प्रयागराज मौजूद रहे मौके पर डा रामराज पटेल मंडल सलाहकार डा राममूर्ति यादव मंडल उपाध्यक्ष अमर नाथ यादव मंडल उपाध्यक्ष गोविंद बहादुर सिंह पप्पू पासी युवा किसान नेता अभिषेक पांडे कमलेश यादव तहसील अध्यक्ष अंगद मौर्या ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष सहित सैकड़ों किसान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाइक सवार दो लोगों को ट्रक ने रौंदा दोनों की मौत

### चचेरे भाई के साथ कशिया पश्चिम गांव ससुराल जा रहा था बाइक सवार युवक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के ककोढा स्थित ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक सवार दो लोगों को तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पीछे से रौंद दिया है जिससे बाइक दोनों लोग बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है मृतक दोनों युवक चचेरे भाई बताए जाते हैं लक्ष्मण कुमार की शादी डेढ़ वर्ष पहले हुई है और वह अपने ससुराल जा रहा था दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक दोनों लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी जैसे ही मृतक लोगों के घर परिवार तक पहुंची परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिवार और ससुराल के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए हैं ।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा गांव निवासी लक्ष्मण कुमार उम्र 27 वर्ष पुत्र राम बहोरी अपने चचेरे भाई शनि उम्र 13 वर्ष पुत्र राम सूरत राजपूत के साथ बाइक में सवार होकर रविवार की रात्रि 8:00 बजे कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव अपने ससुराल जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग में ककोढा स्थित ओवर ब्रिज पर पहुंचे पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवारों को कुचल दिया है जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और घटना स्थल पर ही तड़प तड़प कर दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के सैकड़ो लोग भाग कर घटना स्थल पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई लेकिन तब तक युवकों की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक युवकों के परिजनों को दुर्घटना की सूचना देने के बाद मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दो लोगों की मौत की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है घटना की जानकारी जैसे उनके ससुराल में पहुंचे ससुराल के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं रोते बिलखते परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

## खेल प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल पर माय भारत, प्रयागराज एवं भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल विभाग यूपी के संयुक्त समन्वय से खेलो इंडिया योजना के ह्यस्पोर्ट्स फॉर विमेनह्न घटक के अंतर्गत हुआ।

मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह रहीं। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अंडर-18 वर्ग की 400 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ कराया। अपने संबोधन में उन्होंने उपस्थित महिला प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह बात सच है कि महिलाओं के पास कठिनाइयाँ अधिक हैं, लेकिन आगे बढ़ने के लिए दोगुनी ताकत से



मेहनत करने की आवश्यकता होती है। आज के नए भारत में महिलाएँ हर क्षेत्र में उच्च स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, चाहे वो खेल हो या प्रतियोगी परीक्षाएं, बोर्ड परीक्षाएं उन्होंने महिला दिवस पर सभी महिलाओं को मजबूती से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**दौड़ और रस्साकसी प्रतियोगिता**

इस अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ की स्पधाएँ विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए मनोरंजक सामूहिक खेल रस्साकशी का भी आयोजन किया गया, जिसमें दो विजेता टीमों को प्रमाण-पत्र, टी-शर्ट एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को प्रमाण-पत्रों, टी शर्ट, मेडल का वितरण सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, माय भारत प्रयागराज की उपनिदेशक जागृति पांडेय तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार द्वारा किया गया। दौड़ प्रतियोगिताओं के प्रत्येक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का विवरण निम्न प्रकार का रहा। अंडर 13 - 100 मी० में ईशानवी यादव ने तथा 200 मी० और 400 मी० में इशिता ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी। वहीं, द्वितीय स्थान पर इन्हीं रेस में क्रमशः साक्षी गुप्ता, वाशु भारतीया तथा अनन्या निषाद रहीं। तृतीय स्थान 100 मी० तथा 200 मी ० दौड़ में रिया यादव तथा 400 मीटर में अध्या गुप्ता रहीं।

इसी प्रकार अंडर - 18 में 100, 200 तथा 400 मीटर में प्रथम तीनों मेडल खुशी यादव को मिले। द्वितीय स्थान पर इन्हीं रेस में क्रमशः नाविका , मोहिनी तथा नगमा बानो रहीं। तृतीय स्थान 100 मी० में नगमा बानो तथा 200 मी ० और 400 मीटर में पतंजलि रहीं। 18 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग में 100, 200 मी० में प्रथम रेशमी यादव तथा 400 मीटर में पूजा पटेल रही। वहीं, द्वितीय स्थान पर 100 तथा 200 मी० शालू सिंह व 400 में शीतल सिंह रहीं। तृतीय स्थान 100 एवं 400 में श्रेया सिंह तथा 200 मी० में प्रतिमा सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं एवं बालिकाओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता ने महिलाओं में खेलों के प्रति जागरूकता एवं उत्साह को और अधिक प्रोत्साहित किया। पूर्व चैंपियन एथलीट अक्षत कुमार (लॉन टेनिस) ने खेलो इंडिया के समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बुलंद शहर पुलिस की सराहनीय पहल, 108 मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंपे गए

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** जिला पुलिस द्वारा फरवरी में गायब 108 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये) बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए गए। भारत सरकार द्वारा गुम व खोए मोबाइल की रिकवरी हेतु ऑनलाइन पोर्टल CEIR (Central Equipment Identity Register) बनाया गया हैं। इसमें गुम,खोए या चोरी हुए फोनों को वापस पाया जा सकता है। इसके अलावा उनके दुरुपयोग को भी रोका जा सकता है। जिला पुलिस द्वारा पोर्टल से प्राप्त शिकायतो पर मोबाइल की



बरामदगी हेतु माह फरवरी में अभियान चलाया गया।

अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर विभिन्न राज्यों व जनपदों से 108 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किये गये।

